जिले के 47 आयुर्वेद औषधालय अर्से से डॉक्टर विहीन

जिले के आयुष चिकित्सा पर लगा ग्रहण, शहर से लेकर गांव तक आयुष चिकित्सा के नाम पर कागजी खानापूर्ति

नवभारत न्यूज

सीधी 13 मई। जिले में आयुष चिकित्सा को पूरी तरह से ग्रहण लगा हुआ है। जिले में 59 आयुर्वेद औषधालयों का संचालन किया जा रहा है। इनमें महज 12 चिकित्सकों की पदस्थापना ही होने के कारण 47 आयुर्वेद औषधालयों का संचालन बिना डॉक्टरों के ही किया जा रहा है। डॉक्टर विहीन औषधालयों के कम्पाउंडर एवं औषधि सहायकों के सहारे ही मरीजों का उपचार करने की व्यवस्था बनाई गई है।

सीधी जिले में डॉक्टरों की कमी के चलते अर्से से आयुर्वेद औषधालयों की व्यवस्थाएं पटरी से उतरी हुई हैं। जिन क्षेत्रों में आयुर्वेद औषधालय संचालित हैं उनका ताला भी अनियमित रूप से खुलता है। सुदूर क्षेत्रों में तो स्थिति यह है कि यह अक्सर ताले में ही कैद नजर आते हैं। सीधी जिले में शासन की महत्वपूर्ण आयुर्वेद चिकित्सा महज कागजों में ही सिमटकर रह गई है। आयुर्वेद औषधालयों में जब तक डॉक्टरों की पदस्थापना नहीं होगी और इनका संचालन नियमित रूप से नहीं होगा मरीजों को कोई लाभ नहीं मिलेगा। यदि कोई मरीज आयुर्वेद चिकित्सा के लिए नजदीकी औषधालयों में जाता है तो यहां डॉक्टर ही नहीं मिलते। कम्पाउंडर या सहायक द्वारा मरीज के मर्ज के संबंध में जानकारी देकर कुछ दवाइयां पकड़ा दी जाती हैं। आयुर्वेद औषधालयों का मनमानी संचालन होने से लोगों का आयुर्वेद चिकित्सा को लेकर तेजी से मोह भंग हो रहा है। जानकारों का कहना है कि सीधी जिले में लंबे अरसे से आयुर्वेद औषधालयों का संचालन नियमित रूप से नहीं हो रहा है। लिहाजा मरीज भी उपचार के लिए यहां नहीं जाते। इसका पूरा-पूरा लाभ औषधालयों में पदस्थ अमला उठा रहा है। ऐसा आभाष होता है कि आयुर्वेद औषधालयों का संचालन महज कर्मचारियों को बिना काम किए वेतन देने का साधन बनकर रह गया है। आयुर्वेद औषधालयों का औचक निरीक्षण न होने के कारण यहां पदस्थ कर्मचारी भी मनमौजी ड्यूटी करने के आदी हो चुके हैं। कुछ कर्मचारी तो सप्ताह में एक दिन ही हस्ताक्षर करने के लिए औषधालय जाते हैं। औषधालय भी समय पर नहीं खुलते। यदि खुलते भी हैं तो एक-दो घंटे में ही बंद हो जाते हैं। जिसके चलते यहां मरीज ही नहीं जाते।

शासकीय आयुष औषधालय उपनी ताले में कैद

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-39 सीधी-सिंगरौली मार्ग में जिला मुख्यालय के समीपी शासकीय आयुष औषधालय उपनी स्थित है। आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि यह औषधालय कभी-कभार एक घंटे के लिए खुलती है। कब खुलेगी यह निश्चित नहीं रहता। औषधालय में कितने कर्मचारी हैं इसकी जानकारी किसी को नहीं हैं। डॉक्टर मिलते नहीं हैं। कभी-कभार कम्पाउंडर नजर आते हैं। यदि कोई भूले-भटके यहां मरीज गया तो उसको मर्ज पूंछकर कुछ दवा पकड़ा दी जाती है। औषधालय से मिलने वाली दवाएं भी कोई असर नहीं करती। इसी वजह से मरीज बीमार पड़ने पर यहां उपचार कराने के लिए नहीं जाते। औषधालय का कभी निरीक्षण न होने से यहां पदस्थ कर्मचारी भी मनमौजी ड्यूटी करने के आदी हैं।

इनका कहना है

जिले में महज 12 आयुर्वेद औषधालयों में ही डॉक्टरों की पदस्थापना है। शेष औषधालयों में डॉक्टरों की पदस्थापना न होने से उपलब्ध संसाधनों पर मरीजों का उपचार सुनिश्चित करने की व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। डॉक्टरों की कमी के संबंध में लगातार शासन स्तर पर पत्राचार किया जा रहा है। डॉक्टरों की कमी के चलते इसका असर भी देखने को मिल रहा है।

डॉ.बैजनाथ प्रजापति, जिला आयुष अधिकारी

नायब तहसीलदार से अभद्रता : राजस्व अधिकारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

काली पट्टी बांधकर घटना का कर रहे विरोध

नवभारत न्यूज

सीधी 13 मई। नायब तहसीलदार गोपदबनास के साथ अभद्र व्यवहार के विरोध में म.प्र. राजस्व अधिकारी (कनिष्ट प्रशासनिक सेवा) संघ जिला इकाई सीधी द्वारा कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि नायब तहसीलदार गोपदबनास अपने तहसील चेम्बर में 12 मई 2026 को सांय 6 बजे के बाद बैठे थे। उसी वक्त अधिवक्ता सुश्री सुष्मिता पाण्डेय धारा 52 का आवेदन लेकर आई तथा बंटवारा आदेश के अमल को रोकने एवं स्टे हेतु दबाव बनाने लगी। नायब तहसीलदार द्वारा मना करने तथा एमपीएलआरसी की बुक में धारा 52 के संदर्भ में बताने पर इनके द्वारा अपने पिता एस.पी. पाण्डेय को फोन कर बुलाया। पिता के साथ इनके भाई भी तहसील चेम्बर में आये। अधिवक्ता एस.पी. पाण्डेय द्वारा आते ही अमर्यादित भाषा में अत्याधिक तेज आवाज में चिल्लाते हुये संबोधित किया तथा दुर्व्यवहार किया। उक्त घटना के साक्षी नायब तहसीलदार गोपद बनास वृत्त सेमरिया सुश्री एकता शुक्ला, हल्का पटवारी पड़रा दीपक शुक्ला, हल्का पटवारी जमोड़ी खुर्द विकास कुमार पाण्डेय तथा हल्का पटवारी जमोड़ी सेंगरान राजीव तिवारी उपस्थित रहे। ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व में भी मड़वास तहसीलदार के साथ भी कुछ व्यक्तियों द्वारा गाली-गलौज किया गया था जिसके संबंध में एफआईआर के बाद भी आज तक कार्रवाई नहीं हुई।

लिहाजा 12 मई 2026 को पुनः इसी तरह की घटना की गई। इस बार यह अशिष्ट एवं अमर्यादित व्यवहार विद्वान अधिवक्ता द्वारा किया गया, जिससे राजस्व अधिकारी संघ के अपमान के साथ अधिवक्ता संघ की भी छवि धूमिल हुई है।

कार्यवाई न होने पर कार्य से विरत रहने का अल्टीमेटम

ज्ञापन में कहा गया है कि ऐसे अशिष्ट आचरण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाय एवं इस तरह के अधिवक्ताओं पर प्रैक्टिस पर रोक लगाने हेतु स्टेट बार काउंसिल म.प्र. को लेख किया जाय ताकि न्यायालयीन कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपादित किये जा सकें। अभी दो दिवस तक काली पट्टी बांध कर उक्त घटना का विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। मांगे पूरी नहीं होने पर सभी राजस्व अधिकारी न्यायालयीन कार्य से विरत होने के लिये विवश होंगे।

नीट परीक्षा में पेपर लीक पर सख्त कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

सीधी 13 मई। नीट परीक्षा में पेपर लीक की घटना की निष्पक्ष जांच एवं कठोर कार्रवाई के लिए छात्र नेता दिव्यांश सिंह चौहान द्वारा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को पत्र भेजा गया है।

पत्र में कहा गया है कि देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में से एक नीट परीक्षा में लगातार पेपर लीक की घटनाएं सामने आने से लाखों छात्रों और उनके परिवारों का विश्वास टूट गया है। वर्षों की मेहनत और संघर्ष के बाद छात्र इस परीक्षा में सम्मिलित होते हैं लेकिन भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण उनका भविष्य खतरे में पड़ रहा है। श्री चौहान ने कहा है कि एक छात्र प्रतिनिधि होने के नाते मैं यह मांग करता हूं कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जाकर दोषियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोंकने हेतु परीक्षा प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाया जाए।

आत्मनिर्भर व लीडरशिप विकसित करने वाला हो भाजपा का शक्ति केन्द्र : विजय

नवभारत न्यूज

सीधी 13 मई। भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण मासिक कामकाजी बैठक भारतीय जनता पार्टी के संभागीय संगठन प्रभारी एवं मध्य प्रदेश के प्रशिक्षण प्रभारी विजय दुबे के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता और जिला संगठन प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी, पूर्व प्रदेश महामंत्री और पूर्व विधायक शरदेंदु तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई।

पार्टी पदाधिकारी, मोर्चा एवं मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे ने कहा कि मध्य प्रदेश के 1313 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग सफलता पूर्वक संपन्न हुए। भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केन्द्र आत्मनिर्भर, स्वावलंबी, सामर्थ्यशाली एवं जन सेवक लीडरशिप विकसित करने में सहभागी हो, इस प्रकार का हमारा चिंतन होना चाहिए। प्रत्येक माह की 1 से 7 तारीख के बीच मंडलों की अनिवार्य रूप से बैठके हो। म.प्र. के प्रशिक्षण प्रभारी श्री दुबे ने जिले के सभी मंडलों की मंडलवार समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को स्नेहपूर्वक आदर्श बैठक की बात व्यापक रूप से बताई। भाजपा जिला संगठन प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी ने नवनियुक्त मंडल प्रभारी से आग्रह करते हुए कहा कि दायित्वोध के साथ अपने जिम्मेवारियों का निर्वहन करें। कामकाजी बैठक बैठक में केन्द्र, प्रदेश एवं जिला स्तर पर दिए गए करणीय कार्यों की विस्तृत चर्चा करनी चाहिए। आगामी दिनों में संपन्न होने वाले प्रशिक्षण वर्ग सुसुव्यवस्थि एवं प्रभावी हो, यह हम सब की जिम्मेदारी है।

भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने स्वागत भाषण के उपरांत कहा कि शक्ति केन्द्र एवं पोलिंग बूथ की सक्रियता हमारे कार्य का आधार बने। आगामी 21 और 22 मई को हम जिले का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने जा रहे हैं। बैठक में का संचालन जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री लोरिक प्रसाद यादव ने किया। कामकाजी बैठक में प्रमुख रूप से जिला पदाधिकारी, मंडल और मोर्चो के अध्यक्ष एवं प्रभारी उपस्थित रहे।

गणेश स्कूल के मेधावियों ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, 12 विद्यार्थियों ने लाये 90 प्रतिशत से अधिक अंक

नवभारत न्यूज

सीधी 13 मई। स्थानीय गणेश स्कूल पड़रा सीधी के विद्यार्थियों ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम वर्ष 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने आर्ट्स, कॉमर्स, मैथ्स एवं बायो ग्रुप में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता का नया इतिहास रचा। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष एवं उत्साह का माहौल बन गया।

प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया कि विद्यालय की छात्रा अनिका गुप्ता ने आर्ट्स ग्रुप में 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अमन अग्रहरी ने आर्ट्स ग्रुप में 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं अक्षय कुमार द्विवेदी ने कॉमर्स ग्रुप में 93.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त शैलेश तिवारी ने आर्ट्स ग्रुप में 92 प्रतिशत, मयंक मिश्रा एवं नियति लोधी ने मैथ्स ग्रुप में 91.20, अमृता सिंह ने आर्ट्स ग्रुप में 90.20, ओम तिवारी मैथ्स ग्रुप में 90, शांभवी सिंह कॉमर्स ग्रुप में 90, प्रगति सिंह बघेल आर्ट्स ग्रुप में 90 तथा निखिल गुप्ता एवं अर्पिता गुप्ता ने बायो ग्रुप में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के संचालक नीरज शर्मा ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनतए शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के विश्वास का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण एवं बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है जिसका सकारात्मक परिणाम विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता के रूप में सामने आया है। परीक्षा प्रभारी संजय सिंह चौहान ने बताया कि कक्षा 12वीं में कुल 139 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं 22 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक तथा 40 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए।

तेज अंधड़ से धूल के गुबार में डूबा शहर, कई पेंड़ धराशाई

नवभारत न्यूज

सीधी 13 मई। शाम को मौसम के अचानक बदलने से समूचा शहर धूल के गुबार में डूब गया। गनीमत रही कि अंधड़ का दौर आधे घंटे ही रहा। बुधवार की शाम 6 बजे के बाद इतनी तेज आंधी आई कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में घर के अंदर लोग दुबकने के लिए मजबूर हो गए। इस दौरान कई पेंड़ धराशाई भी हुए वहीं आम के फलों की भी काफी नुकसानी हुई। इसके साथ ही भीषण गर्मी में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली घंटो बाधित रही।

मालूम हो कि इन दिनों आंधी तूफान का दौर चल रहा है। जिस वजह से सबसे ज्यादा नुकसानी आम के फलों को हो रही है। कच्चे आम अभी परिपक्व नहीं हुए लेकिन तेज आंधी के कारण गिर रहे हैं। इसके साथ ही आंधी के तेज प्रकोप के कारण कई पेंड़ भी धराशाई हो रहे हैं। इस तरह का नजारा आज शाम 6 बजे देखने को मिला जहां शहर में भी तेज आंधी के कारण बिजली सप्लाई बंद रही। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में कई घंटो तक आंधी की वजह से बिजली की सप्लाई प्रभावित रही है। ऐसे में भीषण गर्मी से लोगों का जीना भी मुश्किल रहा।

सांदीपनि विद्यालय, सिविल अस्पताल व निर्माण कार्यों का कमिश्नर ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सीधी 13 मई। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने जिले के रामपुर नैकिन में निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय तथा सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासकीय निर्माण कार्य केवल औपचारिकता नहीं बल्कि आमजन की सुविधा और भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण प्रकल्प हैंए इसलिए इनमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण करते हुए कमिश्नर ने कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि विद्यालय भवन का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाएए ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित और आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकें। सिविल अस्पताल के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने निर्माण की प्रगति, प्रस्तावित सुविधाओं तथा कार्यस्थल की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अस्पताल निर्माण कार्य सीधे जनस्वास्थ्य से जुड़ा है इसलिए गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। अस्पताल तैयार होने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

रिटायर शिक्षक को मिला चतुर्थ वेतनमान का लाभ

सीधी 13 मई। चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ पाने के लिए कलेक्टर के यहां लिखित फरियाद करने वो सेवानिवृत्त शिक्षक भागवत प्रसाद मिश्रा का नाम आज डीईओ द्वारा जारी सूची में शामिल हो गया। सेवानिवृत्त शिक्षक भागवत प्रसाद मिश्रा ने बताया कि आज उनकी फरियाद एवं समस्या को लेकर मीडिया में खबर प्रकाशन के बाद जिला डीईओ द्वारा आनन-फानन में सूची जारी कर दी गई। जिसमें उनका नाम भी सूची के सरल क्रमांक 188 में शामिल है।

योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : रीती

नवभारत न्यूज

सीधी 13 मई। पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि किसान सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार की सुबह 15 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया।

प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर आज आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता आशुतोष गुप्त ने संगठन का परिचय देते हुए योग के लाभ एवं बीमारियों को दूर करने का उपाय बताया गया। वहीं किसान सेवा समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रमोद कुमार मिश्र ने कहा कि आज के समय में बढ़ते हुए प्रदूषण से मुक्ति पाने के लिए आवश्यक है कि हम सब अपने घरों में कुछ औषधीय पौधों का रोपण करें साथ ही साथ प्रतिदिन योग और प्राणायाम का अभ्यास कर निरोगी काया प्राप्त करें। पूर्व बीईओ लक्ष्मीकांत शर्मा ने अपने वक्तव्य में स्वदेशी वस्तुओं को स्वीकार करने की बात कही साथ ही साथ सभी योग साधकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। योग आयोग के अध्यक्ष दिलीप त्रिपाठी ने योग करने से पहले अपनी पूर्व की बीमारियों से अवगत कराते हुए योग करने से हुए लाभों को गिनाया। समापन अवसर पर मीरा मेमोरियल योग केन्द्र जमोड़ी सीधी में योग साधकों एवं प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन करते हुए श्रीमती रीती पाठक ने जीवन में योग से होने वाले चमात्कारिक फायदों व अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जो शरीर मन एवं आत्मा को स्वस्थ और संतुलित बनाने का माध्यम है। सभी प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामनाएं करते हुए समिति को 21 हजार रूपए की सहयोग राशि भेंट कर आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आज यहां से प्राप्त योग विद्या को योग शिक्षक सीधी जिले में जन जन तक पहुँचाने का पावन पुनीत कार्य करेगें, जिससे सभी जिलेवासी निरोगी काया प्राप्त कर स्वस्थ्य तन से ही स्वस्थ्य मन और स्वस्थ्य विकसित समाज का निर्माण करें।

हर जल स्रोत हमारे लिए मां गंगा के समान, संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी : जामोद

जल गंगा संवर्धन अभियान : दसौंधा तालाब में श्रमदान, कमिश्नर ने दिया जनजागरण का संदेश

नवभारत न्यूज

सीधी 13 मई। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के तहत रामपुर नैकिन स्थित दसौंधा तालाब बूढ़ी माता मंदिर परिसर में भव्य श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर जल संरक्षण का सशक्त संदेश दिया।

इस अवसर पर कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्रभावी अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों का संरक्षण ही नहीं बल्कि समाज में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक स्थल पर श्रमदान करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है और यह केवल श्रमदान नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत के संरक्षण का संकल्प है। कमिश्नर ने कहा कि हर जल स्त्रोत हमारे लिए मां गंगा के समान है इसलिए इनकी सेवा और संरक्षण श्रद्धा के साथ किया जाना चाहिए। जल है तो जीवन है केवल एक संदेश नहीं बल्कि वर्तमान और भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक समय था जब गांवों में कुओं से सहज रूप से पर्याप्त जल उपलब्ध हो जाता था लेकिन आज जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और कई स्थानों पर 100 फीट से अधिक गहराई में भी पानी नहीं मिल रहा। यह स्थिति संकेत देती है कि यदि हम अभी नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों को जल संकट का गंभीर सामना करना पड़ेगा। कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि जल संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के हर नागरिक का दायित्व है। इस अभियान को जन आंदोलन बनाकर ही विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है।

सीधी जिले को विकसित, समृद्ध और जल सुरक्षित बनाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दौरान कमिश्नर बीएस जामोद ने उपस्थित जनसमूह को जनगणना की शपथ भी दिलाई और सभी से जनगणना कार्य में सही एवं पूर्ण जानकारी देकर सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया।

श्रमदान कार्यक्रम में इनकी रही सहभागिता

श्रमदान कार्यक्रम में नगर परिषद रामपुर नैकिन के अध्यक्ष राम कुमार साहू, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन हरिशंकर मिश्रा, एसडीएम रामपुर नैकिन विकास आनंद, संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक, जिला समन्वयक मुकेश गौर सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में युवा सहभागी बने।